# पुना International School

## Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

**Class –IX**

**HINDI**

**JUNE -MONTH**

**SYLLABUS**

**2020**

<u>Chapters:-</u>

Chp-3-Everst,meri shikher yatra

Chp-1-Gillu(Sanchayan)

Chp-11-Aadaminaama

Chp-12-Ek phool ki chaah

गद्य भाग

## पाठ-3

## (एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा )

**लेखिका का परिचय -बछेंद्री पाल**

- आज हम बात करेंगे भारत की ऐसी महिला के बारे में जिन्होंने पहली बार दुनिया के सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट को फतेह कर एक नया इतिहास रच दिया| यह बात है एक महिला द्वारा एवरेस्ट विजय की, जिसने बुलंद हौसलों और साहस का परिचय देते हुए सर्वप्रथम माउन्ट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखे और समस्त भारतवासियों का सर गर्व से ऊँचा कर दिया| 30 मई सन 1984 का दिन संपूर्ण भारत एवं औरतों के लिए गौरव और सम्मान का दिन था जब बछेंद्री पाल ने एवरेस्ट पर फिर से तिरंगा लहराया। चलिये दोस्तों जानते हैं।

बछेंद्री पाल के जीवन के बारे में – जन्म – 24 मई 1954 (आयु 63) नकुरी उत्तरकाशी ,उत्तराखंड

व्यवसाय – इस्पात कंपनी 'टाटा स्टील' में कार्यरत, जहाँ चुने हुए लोगो को रोमांचक अभियानों का प्रशिक्षण देती हैं।

पाठ का सार:- **उत्तराखंड के नकुरी गांव में जन्मी बछेंद्री पाल ने दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए एवरेस्ट शिखर तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही पर्वत बहुत आकर्षित करते थे जब वह पढ़ाई कर रही थी तब उनके मन में पर्वत राज हिमालय की सबसे ऊंची टी एवरेस्ट पर विजय प्राप्त करने की इच्छा जागृत हुई। अपने इस सपने को पूरा करने के उद्देश्य से उन्होंने नेहरू पर्वतारोहण संस्थान से प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया। उन्होंने बड़ी मेहनत और लगन से पर्वतारोहण के प्लस और माइनस पॉइंट सीखें। एवरेस्ट यात्रा से पूर्व उन्होंने पर्वतारोहण संस्थान द्वारा आयोजित प्री एवरेस्ट ट्रेनिंग कैंप एक्सपीडिशन में भी भाग लिया।**

**सफलता की ओर कदम :-**

30 मई सन 1984 को ऐतिहासिक दिन जिसका सपना बछेंद्री पाल ने बचपन से देखा था। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठिन परिश्रम से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उन्होंने पर्वत विजय करके यह सिद्ध कर दिया कि महिला किसी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। उनमें साहस और धैर्य की कमी नहीं है यदि महिला ठान ले तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त कर सकती है।
एवरेस्ट विजय अभियान में बछेंद्री पाल को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यह साहसिक अभियान बहुत जोखिम भरा था इसमें कितना जोखिम था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अंतिम चढ़ाई के दौरान उन्हें 6:30 घंटे तक लगातार चढ़ाई करनी पड़ी। इनकी कठिनाई तब और बढ़ गई जब इनकी एक साथी के पांव में चोट लग गई। उन की गति धीमी हो गई थी तब वह पूरी तेजी से आगे नहीं बढ़ सकती थी। फिर भी हर कठिनाई का साहस और धैर्य से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ती रही अंत में 30 मई सन 1984 को दोपहर 1 बजकर

07 मिनट पर वह एवरेस्ट शिखर पर थी। इन्होंने विश्व के सर्वोत्तम शिखर को जीतने वाली सर्व प्रथम पर्वतारोही भारतीय महिला बनने का अभूतपूर्व गौरव प्राप्त कर लिया था।
एवरेस्ट फतेह करने वाली पहली महिला बछेंद्री पाल जी एक विश्वविद्यालय में शिक्षिका थी। लेकिन एवरेस्ट की सफलता के बाद भारत की एक आयरन एंड स्टील कंपनी ने उन्हें खेल सहायक की नौकरी के लिए ऑफर दिया उन्होंने यह ऑफर यह सोचकर स्वीकार कर लिया कि यह कंपनी इन्हें और अधिक पर्वत शिखरों पर विजय पाने के प्रयास में सहायता, सुविधा तथा मोटिवेशन प्रदान करती रहेगी। इस समय बछेंद्री पाल जी टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन नामक संस्था में नई पीढ़ी के पर्वतारोहियों को प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही हैं।

**शब्दार्थ :-**

-अभियान-चढ़ाई
हिमपात-बर्फबारी
ग्लेशियर-बर्फ की नदी
आशाजनक-आशावान

-दुर्गम-कठिन रास्ता
-अवसाद-उदासी
-अनियमित-नियम के बिना
-भौचक्का-हैरान

-प्रवास-यात्रा
-आरोही-ऊपर चढाई
-नौसिखिया-नया सीखनेवाला
-पर्वतारोही-पहाड़ पर चढने वाले
-उपस्कर-आरोही का सामान

-हिम.विरद-दरारे,खाई
-अभियांत्रिकी-तकनिकी
-विशालकाय पुंज-बड़ा बर्फ का ढेर
-कर्मठता-काम के लिय निष्ठा
-शंकु-नोक

*-प्रश्न उत्तर:-

**1**-शिखर पर चढ़ने वालों को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? एवरेस्ट- मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर बताइए।
**1**-जो पर्वतारोही हिमालय पर्वत के शिखर पर चढ़ते हैं, उन्हें खराब मौसम और बर्फ के तूफ़ान का मुकाबला करना ही पड़ता है।
**2**-अंगदोरजी के पाँव ठंडे क्यों पड़ जाते थे? एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर बताइए।
**2**-अंगदोरजी कुशल पर्वतारोही था। वह बिना ऑक्सीजन के बर्फ़ पर चलने का अभ्यस्त था। इसलिए वह यात्रा में ऑक्सीजन नहीं लगाता था। परंतु बिना ऑक्सीजन के उसके पैर ठंडे पड़ जाते थे।
**3**-एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा पाठ के सन्दर्भ में बताइए एवरेस्ट अभियान दल कब रवाना हुआ?
**3**-एवरेस्ट अभियान दल दिल्ली से काठमांडू के लिए 7 मार्च को हवाई जहाज से रवाना हुआ।
**4** एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर बताइए बछेन्द्री पाल ने एवरेस्ट की तरफ क्या देखा?\
**4**-बछेंद्री पाल ने एवरेस्ट की तरफ एक भारी बर्फ का का बड़ा फूल (प्लूम) देखा।
**5**-एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर बताइए जय लेखिका को देखकर हक्का-बक्का क्यों रह गया?

**5**-जय बछेन्द्री पाल का पर्वतारोही साथी था। उसे भी बछेन्द्री के साथ पर्वत-शिखर पर जाना था। शिखर कैम्प पर पहूँचने में उसे देर हो गई थी। वह सामान ढोने के कारण पीछे रह गया था। अतः बछेन्द्री उसके लिए चाय-जूस आदि लेकर उसे लेने के लिए पहूँची। जय ने यह कल्पना नहीं की थी कि बछेन्द्री उसकी चिन्ता करेगी। इसलिए जब उसने बछेन्द्री पाल को उसके लिए चाय-जूस के साथ देखा तो वह हक्का-बक्का रह गया।

**6**-एवरेस्ट शिखर पर पहुँचकर बछेन्द्री पाल ने स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित रूप से स्थिर किया?

**6**-एवरेस्ट शिखर सँकरा व नुकीला था। अतः वहाँ पहूँचकर स्वयं को सुरक्षित रूप से स्थिर करने के लिए बछेन्द्री पाल ने बर्फ के फावड़े से खुदाई की और उसके उपरान्त घुटनों के बल बैठकर 'सागरमाथे' के शिखर का चुंबन किया।

**7**-एवरेस्ट : मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर बताइए मई की रात को कैंप तीन में क्या घटना घटी और एक अन्य साथी ने लेखिका की जान कैसे बचाई?

**7**-15-16 मई, 1984 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन जब लेखिका ल्होत्से की बर्फीली सीधी ढलान पर नाइलॉन के बने तंबू के कैंप तीन में गहरी नींद में सोई हूई थी तभी रात में लगभग 12:30 बजे उसके सिर के पिछले हिस्से में एक ज़ोरदार धमाके के साथ कोई सख्त चीज टकराई। वह बर्फ का बड़ा विशालकाय पंज था। जिसने कैंप को तहस-नहस करने के साथ सभी व्यक्तियों को चोटिल किया। लेखिका तो बर्फ के नीचे फंस गयी थी।
तभी लोपसांग अपनी स्विस छुरी की मदद से उनके तंबू का रास्ता साफ करने में सफल हो गया तथा उसने ही लेखिका के चारों तरफ के कड़े जमे बर्फ की खुदाई कर लेखिका को बर्फ की कब्र से बाहर खींच कर निकाला। इस तरह लेखिका की जान बची।

**8**-एवरेस्ट की शिखर यात्रा में किन-किन लोगों ने लेखिका बछेन्द्री पाल को सहयोग दिया?

**8**-एवरेस्ट की शिखर यात्रा में अभियान दल के नेता कर्नल खुल्लर, उपनेता प्रेमचंद, साथी अंगदोरजी तथा डॉक्टर मीनू मेहता ने लेखिका को सफलता प्राप्त करने में उल्लेखनीय सहयोग दिया। कर्नल खुल्लर ने लेखिका को शिखर यात्रा के प्रारंभ से लेकर अंत तक हिम्मत बँधायी, उसका साहस बढ़ाया। उन्होंने अभियान दल के सभी सदस्यों की मृत्यु को सहजता से स्वीकार करने का पाठ पढ़ाकर उन्हें मृत्यु के भय से मुक्त किया। उपनेता प्रेमचंद ने पहली बाधा खंभु हिमपात की स्थिति से उन्हें अवगत कराया और सचेत किया कि ग्लेशियर बर्फ की नदी है तथा बर्फ का गिरना जारी है। अतः सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए। डॉक्टर मीनू मेहता ने एल्युमीनियम की सीढ़ियों से अस्थायी पुल बनाने, लट्ठों एवं रस्सियों का उपयोग, बर्फ की आड़ी-तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बाँधना आदि सिखाया। अंगदोरजी ने लेखिका को लक्ष्य तक पहुँचने में सहयोग दिया तथा प्रोत्साहित भी किया|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए –**

**1. अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था?**

**उत्तर**:- अग्रिम दल का नेतृत्व प्रेमचंद कर रहे थे।

---

**2. लेखिका को सागरमाथा नाम क्यों अच्छा लगा?**

**उत्तर**:- एवरेस्ट को नेपाली भाषा में सागरमाथा नाम से जाना जाता है। लेखिका को सागरमाथा नाम अच्छा लगा क्योंकि सागर के पैर नदियाँ हैं तो सबसे ऊँची चोटी उसका माथा है और यह एक फूल की तरह दिखाई देता है, जैसे माथा हो।

---

**3. लेखिका को ध्वज जैसा क्या लगा?**

**उत्तर**:- लेखिका को एक बड़े भारी बर्फ़ का बड़ा फूल (प्लूम) पर्वत शिखर पर लहराता हुआ ध्वज जैसा लगा।

---

**4. हिमस्खलन से कितने लोगों की मृत्यु हुई और कितने घायल हुए?**

**उत्तर**:- हिमस्खलन से एक की मृत्यु हुई और चार घायल हो गए।

---

**5. मृत्यु के अवसाद को देखकर कर्नल खुल्लर ने क्या कहा?**

**उत्तर**:- एक शेरपा कुली की मृत्यु तथा चार के घायल होने के कारण अभियान दल के सदस्यों के चेहरे पर छाए अवसाद को देखकर कर्नल खुल्लर ने कहा कि एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु को भी सहज भाव से स्वीकार करना चाहिए।

---

**6. रसोई सहायक की मृत्यु कैसे हुई?**

**उत्तर**:- प्रतिकूल जलवायु के कारण एक रसोई सहायक की मृत्यु हो गई है।

---

**7. कैंप-चार कहाँ और कब लगाया गया?**

**उत्तर**:- कैंप-चार २९ अप्रैल को सात हजार नौ सौ मीटर की ऊँचाई पर लगाया गया था।

---

**8. लेखिका ने शेरपा कुली को अपना परिचय किस तरह दिया?**

**उत्तर**:- लेखिका ने शेरपा कुली को अपना परिचय यह कह कर दिया कि वह बिल्कुल ही नौसिखिया है और एवरेस्ट उसका पहला अभियान है।

---

**9. लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने उसे किन शब्दों में बधाई दी?**

**उत्तर**:- लेखिका की सफलता पर बधाई देते हुए कर्नल खुल्लर ने कहा, "मैं तुम्हारी इस अनूठी उपलब्धि के लिए तुम्हारे माता-पिता को बधाई देना चाहूँगा देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में जाओगी जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा।"

**10. नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा?**
**उत्तर:**- नजदीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को इतना अच्छा लगा कि वह भौंचक्की रही गई। वह एवरेस्ट ल्होत्से और नुत्से की ऊँचाइयों से घिरी बर्फ़ीली ढेढ़ी-मेढ़ी नदी को निहारती रही।

---

**11. डॉ.मीनू मेहता ने क्या जानकारियाँ दीं?**
**उत्तर:**- डॉ.मीनू मेहता ने उन्हें निम्न जानकारियाँ दीं –
• अल्यूमिनियम की सीढ़ियों से अस्थायी पुलों का बनाना।
• लट्ठों और रस्सियों का उपयोग करना।
• बर्फ़ की आड़ी -तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बाँधना।
• अग्रिम दल के आभियांत्रिक कार्यों की जानकारी दी।

---

**12. तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ़ में क्या कहा?**
**उत्तर:**- तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ़ में कहा कि वह एक पर्वतीय लड़की है। उसे तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए। कठिन और रोमांचक कार्य करना उनका शौक था। वे लेखिका की सफलता चाहते थे और उन्हें पूरी आशा थी कि वे होंगी।

---

**13. लेखिका को किनके साथ चढ़ाई करनी थी?**
**उत्तर:**- लेखिका को अपने दल के साथ तथा जय और मीनू के साथ चढ़ाई करनी थी। परन्तु वे लोग पीछे रह गए थे।

---

**14. लोपसांग ने तंबू का रास्ता कैसे साफ़ किया?**
**उत्तर:**- तंबू के रास्ते एक बड़ा बर्फ़ पिंड गिरा था जिसने कैंप को तहस-नहस कर दिया था। लोपसांग ने अपनी स्विस छुरी की सहायता से तंबू का रास्ता साफ़ किया और लेखिका को बाहर निकाला।

---

**15. साउथ कोल कैंप पहुँचकर लेखिका ने अगले दिन की महत्त्वपूर्ण चढ़ाई की तैयारी कैसे शुरू की?**
**उत्तर:**- साउथ कोल कैंप पहुँचकर लेखिका ने अगले दिन की महत्त्वपूर्ण चढ़ाई की तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने खाना, कुकिंग गैस तथा कुछ ऑक्सीजन सिलिण्डर इकट्ठे किए। अपने दल के दूसरे सदस्यों को मदद करने के लिए एक थर्मस में जूस और दूसरे में चाय भरने के लिए नीचे उतर गई।

---

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –**
**16. उपनेता प्रेमचंद ने किन स्थितियों से अवगत कराया?**
**उत्तर:**- उपनेता प्रेमचंद ने अभियान दल के सदस्यों को निम्न स्थितियों से अवगत कराया –
• पहली बड़ी बाधा खुंभु हिमपात की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके दल ने कैंप – एक (6000 मीटर), जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ तक का रास्ता साफ़ कर दिया।

## व्याकरण :-

**विराम चिन्हों के प्रकार (Types of Punctuation in Hindi)**

- पूर्ण **विराम** (Full stop) ( । )
- अर्द्ध-**विराम** (Semi-Colon) ( ; )
- अल्प-**विराम**(Comma) ( , )
- प्रश्नवाचक **चिन्ह**(Sign of Interrogation) ( ? )
- योजक **चिन्ह** (Hyphen) ( – )
- उद्धरण **चिन्ह**(Inverted Commas) ("_ ")
- रेखिका या निर्देशक **चिन्ह**(Dash) ( _ )
- विवरण **चिन्ह**(Colon+Dash) ( :- )

### विरामचिह्न लगाओ:-

मेरा प्रिय मित्र श्रीनिवास बहुत ही सज्जन एवं सदाचारी है। वह कभी किसी की बुराई नहीं करता, और न ही कभी किसी की चुगली करता है। हम स्कूल में पहले बहुत ही सहमे–सहमे रहते थे। खाना भी हम अकेले ही खाते थे। लेकिन जब से मुझे श्रीनिवास मिला है तब से मैं अब अकेला नहीं रहता। हम दोनों मिलकर पढ़ते हैं, आते हैं, जाते हैं और खाना भी साथ मिलकर ही खाते हैं। श्रीनिवास का कहना है कि खाना सदैव मिलकर ही खाना चाहिए। इससे हमारे बीच प्यार तो बढ़ता ही है, साथ ही हमें कई प्रकार की सब्ज़ी या दाल खाने को मिल जाती है जिससे शरीर की पौष्टिकता और ऊर्जा भी बढ़ती है। उसकी यह सीख मुझे अत्यंत अच्छी लगी। तब से मैं उसके एवं अन्य मित्रों के साथ मिलकर ही खाना खाता हूँ। बड़ा आनंद आता है। प्रतिदिन तरह–तरह की सब्ज़ियाँ खाने को मिलती हैं। कभी कोई लड्डू लेकर आता है, तो लड्डू खाने को मिलता है, कभी कोई कुछ और अच्छी चीज़ लाता है, तो वह खाने को मिलती है। इस प्रकार साथ मिलकर काम करने के अनेक लाभ हैं। यह सीख मैं प्रत्येक मनुष्य को देना चाहता हूँ जिससे कभी कोई लड़े–झगड़े नहीं, और सभी मनुष्य प्रेम एवं शांति से रहें।

# संचयन-भाग

## पाठ-1

## (गिल्लू)

***-लेखिका का परिचय:-**

प्रसिद्ध छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा का जन्म 1907 ईस्वी में होली के दिन फर्रुखाबाद (उ.प्र.) के एक सम्पन्न परिवार में हुआ था |होली के दिन जन्म के कारण ही ये जीवित बच गयी अन्यथा दो सो वर्षो से इस परिवार में कोई कन्या जीवित नही रहने दी जाती थी |महादेवी वर्मा की आरम्भिक शिक्षा इंदौर में हुयी फिर इन्होने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में M.A. किया और प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्रधानाचार्य नियुक्त हो गयी |महादेवी वर्मा का समस्त काव्य वेदनामय है पर यह वेदना लौकिक नही आध्यात्मिक जगत की वेदना है और यह पूर्णत: भारतीय परम्परा के अनुसार है |महादेवी का गद्ध्य भी कविता जितना ही सशक्त है |

***-कहानी का सार:-**

छायावादी कविता के मुख्य निपुणों में से एक महादेवी वर्मा भी है। आधुनिक मीरा के रूप में महादेवी जी को जाना जाता है, उन्हें ज्ञानपीठ और साहित्य अकादमी पुरस्कारों जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

लेखक के जीवन का एक रोचक बात यह थी कि उनको जानवरों से बहुत प्रेम था। पशु क्रूरता के खिलाफ एक मजबूत अधिवक्ता होने के नाते, अपने पालतू जानवरों पर कहानियों की एक विशाल पुस्तक लिखी जिसने अप्रत्याशित रूप से उनके जीवन में कदम रखा।

गिलु, महादेवी जी को उनके बगीचे में घायल पाया गया था। कौवा के ठोकर से गिलु माटी पर निश्चिछल था।वह उसे अपने बेडरूम में ले गई जो कि अगले दो साल तक अपने प्रवास में बनी रही।

कि अगले दो साल तक अपने प्रवास में बनी रही। वह महादेवी जी के साथ खेलता था, उनके हाथों से खाता था। उनको पढ़ाई के वक्त एक टक देखता था। जब एक कार दुर्घटना में महादेवी जी घायल हो तो गिलू ने काजू नहीं खाता था। जब वह अपने घर वापसी की तो उन्होंने देखा कि काजू के एक ढेर गिलु के स्विंग पर ढेर हो गया था। गिल्लू अब तक केवल एकमात्र पशु था, जिसने उसकी प्लेट से खाया है और ऐसा ही कुछ महादेवी को याद करते हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण दिन, लेखक ने गिलू के पंजे को ठंडा होते हुए देखा। उसने हीटर पर स्विच करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार गिलु चला गया।

***-शब्दार्थ:-**

1-सोनजुही-जूही का पीला फूल
2-लघु प्राण-छोटा जीव
3-छुआ-छुऔवन-चुपके से छूना
4-समादरित-विशेष सम्मान
5-अनादरित -अपमान,तिरस्कार
6-अवतीर्ण -प्रकट
7-काकद्व्य-दो कौए
8-निश्चेष्ट-बिना किसी हरकत के
9-आश्वस्त-निश्चिंत
10-वीस्मित-चकित
11-नीड़-घोंसला
12-पीताभ-पीले रंग का

***-प्रश्न उत्तर:-**

**1**: सोनजूही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमड़ने लगे?

**1:** सोनजूही में लगी पीली कली को देख लेखिका को गिल्लू की याद आ गई। गिल्लू एक गिलहरी थी जिसकी जान लेखिका ने बचाई थी। उसके बाद से गिल्लू का पूरा जीवन लेखिका के साथ ही बीता था।

2: पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

**2:** हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि पितरपक्ष के समय हमारे पूर्वज कौवे के भेष में आते हैं। एक अन्य मान्यता है कि जब कौवा काँव काँव करता है तो इसका मतलब होता है कि घर में कोई मेहमान आने वाला है। इन कारणों से कौवे को सम्मान दिया जाता है। लेकिन दूसरी ओर, कौवे के

काँव काँव करने को अशुभ भी माना जाता है। इसलिए कौवे को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी कहा गया है।

3: गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

**3:** गिलहरी के घायल बच्चे के घाव पर लगे खून को पहले रुई के फाहे से साफ किया गया। उसके बाद उसके घाव पर पेंसिलिन का मलहम लगाया गया। उसके बाद रुई के फाहे से उसे दूध पिलाने की

कोशिश की गई जो असफल रही। लगभग ढ़ाई घंटे के उपचार के बाद गिलहरी के बच्चे के मुँह में पानी की कुछ बूँदें जा सकीं।

4: लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?

**4:** लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैरों के पास आता और फिर सर्र से परदे पर चढ़ जाता था। उसके बाद वह परदे से उतरकर लेखिका के पास आ जाता था। यह सिलसिला तब तक चलता रहता था जब तक लेखिका गिल्लू को पकड़ने के लिए दौड़ न लगा देती थीं।

5: गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?

**5:** गिल्लू अब युवावस्था में प्रवेश कर रहा था। उसे एक जीवन साथी की जरूरत थी। इसलिए गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता समझ में आई। इसके लिए लेखिका ने खिड़की की जाली का एक कोना अलग करके गिल्लू के लिए बाहर जाने का रास्ता बना दिया।

6: गिल्लू किन अर्थों में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था?

**6:** जब लेखिका बीमार पड़ीं तो गिल्लू उनके सिर के पास बैठा रहता था। वह अपने नन्हे पंजों से लेखिका के सिर और बाल को सहलाता रहता था। इस तरह से वह किसी परिचारिका की भूमिका निभा रहा था।

7: गिल्लू कि किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि अब उसका अंत समय समीप है?

**7:** गिल्लू ने दिन भर कुछ नहीं खाया था। रात में वह बहुत तकलीफ में लग रहा था। उसके बावजूद वह अपने झूले से उतरकर लेखिका के पास आ गया। गिल्लू ने अपने ठंडे पंजों से लेखिका कि अंगुली पकड़ ली और उनके हाथ से चिपक गया। इससे लेखिका को लगने लगा कि गिल्लू का अंत समय समीप ही था।

8: 'प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया' – का आशय स्पष्ट कीजिए।

**8:** सुबह की पहली किरण निकलते ही गिल्लू के प्राण पखेरू उड़ गये। इस पंक्ति में लेखिका ने पुनर्जन्म की मान्यता को स्वीकार किया है। लेखिका को लगता है कि गिल्लू अपने अगले जन्म में किसी अन्य प्राणी के रूप में जन्म लेगा।

9: सोनजूही की लता के नीचे बनी गिल्लू की समाधि से लेखिका के मन में किस विश्वास का जन्म होता है?

**9:** लेखिका को लगता है कि गिल्लू अपने अगले जन्म में सोनजूही के पीले फूल के रूप में आयेगा।

_---------------------------------------------------------------------------------------------------

**⁕-व्याकरण:-**

**⁕-वर्ण-विच्छेदन**

• **मात्रा**—प्रत्येक स्वर के लिए मात्राएँ निश्चित हैं। मात्राएँ स्वरों के चिह्न हैं। स्वर वर्ण मात्रा के रूप में ही व्यंजन वर्ण से जुड़ते हैं।

जैसे—

| स्वर | मात्रा | प्रयोग | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | मात्रा नहीं | क + अ = क | कर |
| आ | ा | क + आ = का | कार |
| इ | ि | क् + इ = कि | किताब |
| ई | ी | क् + ई = की | कीट |
| उ | ु | क् + उ = कु | कुदाल |
| ऊ | ू | क् + ऊ = कू | कूप |
| ऋ | ृ | क् + ऋ = कृ | कृष्ण |
| ए | े | क् + ए = के | केशव |
| ऐ | ै | क् + ऐ = कै | कैलाश |
| ओ | ो | क् + ओ = को | कोयल |
| औ | ौ | क् + औ = कौ | कौआ |

व्यंजन- क ख ग घ ड.

च छ ज झ

ट ठ ड ढ ण

त थ ड ध न

प फ ब भ म

य र ल व श

ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र

**अनुस्वार- (बेंदू )यानि न या म की आवाज**

मन्त्र-मंत्र तन्त्र-तंत्र यन्त्र-तंत्र सन्तोष-संतोष

सम्पत्ति- सम्मान -संमान

**अनुनासिका -यानि चन्द्र बिंदु -**

आख -आँख मा-माँ पाच-पाँच पहुच-पहुँच

**नुक्ता- यह उर्दू शब्दों में लगता है|**

फ़र्ज क़र्ज ख़्वाब फ़रिश्ता फ़रमाइश क़ीमत

उदाहरण :

(अ) रजत = र् + अ + ज् + अ + त् + अ
(आ) राजा = र् + आ + ज् + आ
(इ) किला = क् + इ + ल् + आ
(ई) कीमत = क् + ई + म् + अ + त् + अ
(उ) कुमार = क् + उ + म् + आ + र् + अ
(ऊ) पूजा = प् + ऊ + ज् + आ
(ऋ) कृपालु = क् + ऋ + प् + आ + ल् + उ
(ए) बेल = ब् + ए + ल् + अ
(ऐ) कसैला = क् + अ + स् + ऐ + ल् + आ
(ओ) आलोक = आ + ल् + ओ + क् + अ
(औ) मौन = म् + औ + न् + अ
(अं) कंगारू = क् + अं + ग् + आ + र् + ऊ
(अः) अंततः = अं + त् + अ + त् + अः
( ʿ ) पार्थ = प् + आ + र् + थ् + अ
( ˏ ) प्रभात = प् + र् + अ + भ् + आ + त् + अ
( ^ ) ट्रक = ट् + र् + अ + क् + अ
(क्ष) रक्षा = र् + अ + क् + ष् + आ
(त्र) त्रिकोण = त् + र् + इ + क् + ओ + ण् + अ
(ज्ञ) ज्ञान = ज् + ञ् + आ + न् + अ
(श्र) आश्रय = आ + श् + र् + अ + य् + अ
(स्त) स्तंभ = स् + त् + अं + भ् + अ

| | |
|---|---|
| **बंदर** | – ब् + अं + द् + अ + र् + अ |
| **बाज़ार** | – ब् + आ + ज़् + आ + र् + अ |
| **श्रवण** | – श् + र् + अ + व् + अ + ण् + अ |
| **चिह्न** | – च् + इ + ह् + न् + अ |
| **ज़रूर** | – ज़् + अ + र् + ऊ + र् + अ |
| **विकसित** | – व् + इ + क् + अ + स् + इ + त् + अ |
| **समक्ष** | – स् + अ + म् + अ + क् + ष् + अ |
| **श्रमिक** | – श् + र् + अ + म् + इ + क् + अ |
| **स्त्री** | – स् + त् + र् + ई |
| **विज्ञान** | – व् + इ + ज़् + ञ् + आ + न् + अ |
| **विद्वान** | – व् + इ + द् + व् + आ + न् + अ |

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

## पद्य-भाग
## पाठ-11
## (आदमी नामा -नजीर अकबराबादी)

***- नाजिर अकबराबादी का जीवन परिचय :** नज़ीर अकबराबादी 18वीं सदी के प्रसिद्ध भारतीय शायर थे। इन्हें "नज़्म का पिता" कहा जाता है। इन्होंने कई ग़ज़लें लिखी, इनकी सबसे प्रसिद्ध व्यंग्यात्मक ग़ज़ल बंजारानामा है। ऐसा माना जाता है कि नज़ीर अकबराबादी का जन्म दिल्ली शहर में सन 1735 में हुआ था। युवा अवस्था में वे दिल्ली से आगरा चले गए और आगरा में ही उन्होंने अरबी और फारसी भाषा में तालीम हासिल की। नज़ीर आम लोगों के कवि थे। इन्होंने आम जीवन, ऋतुओं, त्योहारों, फलों, सब्जियों आदि विषयों पर लिखा। नजीर धर्म-निरपेक्षता के ज्वलंत उदाहरण हैं। कहा जाता है कि उन्होंने लगभग दो लाख रचनाएं लिखीं, परन्तु अब उनकी सिर्फ छह हज़ार के करीब ही रचनाएं हमारे बीच बची हैं और इन में से 600 के करीब ग़ज़लें हैं।

समाज की हर छोटी-बड़ी ख़ूबी को नज़ीर साहब ने अपनी कविता में बड़ी ही सरलता से पेश किया है। नज़ीर साहब को आम जनता की शायरी करने के कारण उपेक्षित किया जाता रहा। ककड़ी, जलेबी और तिल के लड्डू जैसी आम चीजों पर लिखी गई कविताओं को आलोचक कविता मानने से इनकार करते रहे। बाद में नज़ीर साहब की 'उत्कृष्ट शायरी' को पहचाना गया और आज उन्हें उर्दू साहित्य के प्रमुख कवियों में से एक माना जाता है। लगभग सौ वर्ष की आयु पाने पर भी इस शायर को जीते जी उतनी ख्याति नहीं प्राप्त हुई, जितनी कि उन्हें आज मिल रही है।

भाषा के क्षेत्र में भी उनकी अच्छी पकड़ थी, उन्होंने अपनी शायरी में जन-संस्कृति का, जिसमें हिन्दू संस्कृति भी शामिल है, दिग्दर्शन कराया है और बड़ी सहजता से अपने काव्यों में हिन्दी के शब्दों का उपयोग किया है। उनकी शैली सीधा असर डालने वाली है और अलंकारों से मुक्त है। इसीलिए वे बहुत लोकप्रिय भी हुए।

***-पाठ का सार:-**

**1)दुनिया में बादशाह है सो है वह भी आदमी**
**और मुफ़लिश-ओ-गदा है सो है वो भी आदमी**
**ज़रदार बेनवा है सो है वो भी आदमी**
**निअमत जो खा रहा है सो है वो भी आदमी**
**टुकड़े चबा रहा है सो है वो भी आदमी**

आदमी नामा कविता में कवि नज़ीर अकबराबादी ने मानव के विविध रूपों के बारे में बताया है। उन्होंने आदमी के हर रूप का वर्णन किया है। दुनिया में विभिन्न प्रकार के आदमी होते हैं, जैसे कुछ धनी व्यक्ति होते हैं, तो कुछ गरीब भी होते हैं। कुछ बुद्धिमान व्यक्ति होते हैं, तो कुछ मुर्ख भी होते हैं। यहां

कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन खाने वाले व्यक्ति हैं, तो झूठे तथा रूखे-सूखे टुकड़ों को खाकर पलने वाले आदमी भी यहीं मौज़ूद है।

हर आदमी अलग होता है और उसका अपना अलग काम होता है। इसी कारणवश उनकी जीवन-शैली भी अलग होती है। उनके रहने का तरीका, खान-पान सब कुछ अलग होता है। उनकी जिमेदारियां भी अलग-अलग होती हैं। इसीलिए कवि अपनी इस कविता में कहता है कि चाहे राजा हो या प्रजा, सब आदमी ही हैं। चाहे ताक़तवर हो या कमजोर, सब आदमी ही हैं।

**2) मसज़िद भी आदमी ने बनाई है यां मियाँ**
**बनते हैं आदमी ही इमाम और खुतबाख्वाँ**
**पढ़ते हैं आदमी ही कुरआन और नमाज यां**
**और आदमी ही उनकी चुराते हैं जूतियाँ**
**जो उनको ताड़ता है सो है वो भी आदमी**

अपनी इन पंक्तियों में कवि ने आदमी के प्रकृति के बारे में बताया है। कोई आदमी दूसरे आदमी की जान ले लेता है, तो कोई आदमी उसकी जान बचाता है। कोई आदमी किसी को बेइज्जत करता है, तो कोई आदमी उसकी इज्जत बचाने की कोशिश करता है। मदद मांगने के लिए जो पुकार लगता है, वह भी आदमी है और जो वह पुकार सुनकर मदद करने के लिए दौड़ता है, वह भी आदमी ही है। इस तरह कवि ने हमें यह शिक्षा दी है कि मनुष्य विभिन्न प्रकृति के होते हैं। कोई भला करके खुश होता है, तो कोई बुरा करके।

**3) यां आदमी पै जान को वारे है आदमी**
**और आदमी पै तेग को मारे है आदमी**
**पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी**
**चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी**
**और सुनके दौड़ता है सो है वो भी आदमी**

अपनी इन पंक्तियों में कवि ने आदमी के प्रकृति के बारे में बताया है। कोई आदमी दूसरे आदमी की जान ले लेता है, तो कोई आदमी उसकी जान बचाता है। कोई आदमी किसी को बेइज्जत करता है, तो कोई आदमी उसकी इज्जत बचाने की कोशिश करता है। मदद मांगने के लिए जो पुकार लगता है, वह भी आदमी है और जो वह पुकार सुनकर मदद करने के लिए दौड़ता है, वह भी आदमी ही है। इस तरह कवि ने हमें यह शिक्षा दी है कि मनुष्य विभिन्न प्रकृति के होते हैं। कोई भला करके खुश होता है, तो कोई बुरा करके।

**4) अशराफ़ और कमीने से ले शाह ता वज़ीर**
**ये आदमी ही करते हैं सब कारे दिलपज़ीर**
**यां आदमी मुरीद है और आदमी ही पीर**
**अच्छा भी आदमी ही कहाता है ए नज़ीर**
**और सबमें जो बुरा है सो है वो भी आदमी**

इन पंक्तियों में कवि कहते हैं कि शरीफ भी आदमी है और कमीने भी आदमी। जो शाह बनकर गद्दी पे बैठा है, वह भी आदमी और जो उसका वजीर है, वह भी आदमी ही है। किसी को ख़ुश करने के लिए कुछ भी कर देने वाला भी आदमी ही है और उससे ख़ुश होने वाला भी आदमी। किसी को तकलीफ देने वाला भी आदमी और तकलीफ सहने वाला भी आदमी ही है। इस तरह नाजिर अकबराबादी के इस आदमी नामा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि इस संसार में जो अच्छा करता है, वह भी आदमी है और जो बुरा करता है, वह भी आदमी ही है।

## ⁕-शब्दार्थ:-

-मुफ़लिस-गरीब,दीन
-गदा-भीखारी ,फकीर
-जरदार-धनी,अमीर
-नेनवा-निर्बल ,कमजोर
-निआमत-स्वादिष्ट भोजन
-इमाम -नमाज़ पड़नेवाला
-खुताबाख्वां-कुरआन का आर्थ बतानेवाला
-ताड़ना-देखना,भांपना
-पै-पर
-जान को वारना -जान न्योछावर करना
-तेग-तलवार
-अशराफ -शरीफ़ लोग
-शाह -राजा
-व़जीर-मंत्री
कमीने -नीच
-करे-काम
दिलपज-मन को लुभाने वाला
-मुरीद-भक्त,प्रशंसक
पीर-संत,महात्मा
-नजीर-मिसाल,कवि

## ⁕-प्रश्न उत्तर:-

**(क) पहले छंद में कवि की दृष्टि आदमी के किन-किन रूपों का बख़ान करती है? क्रम से लिखिए।**

(क) पहले छंद में कवि की दृष्टि आदमी में निम्नलिखित रूपों का बखान करती है–

1. आदमी का बादशाही रूप
2. आदमी का मालदारी रूप
3. आदमी का कमजोरी वाला रूप
4. आदमी का स्वादिष्ट भोजन करने वाला रूप
5. आदमी का सूखी रोटियाँ चबाने वाला रूप

**(ख) चारों छंदों में कवि ने आदमी के सकारात्मक और नकारात्मक रूपों को परस्पर किन-किन रूपों में रखा है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।**

(ख) चारों छंदो में कवि ने आदमी के सकारात्मक और नकारात्मक रूपों का तुलनात्मक रूप प्रस्तुत किया है –

| **सकारात्मक रूप** | **नकारात्कम रूप** |
|---|---|
| 1. एक आदमी शाही किस्म के ठाट-बाट भोगता है। | 1. दूसरे आदमी को गरीबो में दिन बिताने पड़ते हैं। |
| 2. एक आदमी मालामाल होता है | 2. दूसरा आदमी कमज़ोरी झेलती है। |
| 3. एक स्वादिष्ट भोजन खाता है। | 3. दूसरा सूखी रोटियाँ चबाता है। |
| 4. एक धर्मस्थलों में धार्मिक पुस्तकें पढ़ता है | 4. दूसरा धर्मस्थलों पर जूतियाँ चुराता है। |
| 5. एक आदमी जान न्योछावर करता है | 5. दूसरा जान से मार डालता है। |
| 6. एक शरीफ सम्मानित है | 6. दूसरा दुराचारी दुरव्यवहार करने वाला |

**(ग) 'आदमी नामा' शीर्षक कविता के इन अंशो को पढ़कर आपके मन में मनुष्य के प्रति क्या धारणा बनती है?**

(ग) 'आदमी नामा' शीर्षक कविता के अंशों को पढ़कर हमारे मन में मनुष्य के प्रति यह धारणा बनती है कि उसकी प्रवृति केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना ही है लेकिन कुछ लोग परोपकारी भी हैं। कुछ दूसरों की मदद करके खुशी महसूस करते हैं तो कुछ अपमानित करके खुश होते हैं। कुछ मनुष्य अच्छे हैं तो कुछ बुरे। अत: मनुष्य भाग्य और परिस्थितियों का दास है।

**(घ) इस कविता का कौन-सा भाग आपको सबसे अच्छा लगा और क्यों?**

(घ) इस कविता में मनुष्य के विभिन्न रूप दिखाए गए हैं। यही भाग बहुत अच्छा है –

दुनिया में बादशाह है सो है वह भी आदमी

और मुफ़लिस-ओ-गदा है सो है वो भी आदमी

ज़रदार बेनवा है सो है वो भी आदमी

निअमत जो खा रहा है वो भी आदमी

टुकड़े चबा रहा है सो है वो भी आदमी

**ङ) आदमी की प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए।**

(ड़) 'आदमी नामा' कविता के आधार पर आदमी की प्रवृतियाँ विभिन्न हैं। कुछ लोग बहुत अच्छे होते हैं कुछ लोग बहुत बुरे होते हैं। कुछ मस्ज़िद बनाते हैं, कुरान शरीफ़ का अर्थ बताते हैं तो कुछ वहीं जूतियाँ चुराते हैं कुछ जान न्योछावर करते हैं, कुछ जान ले लेते हैं। कुछ दूसरों को सम्मान देकर खुश होते हैं तो कुछ अपमानित करके खुशी महसूस करते हैं।

***-निम्नलिखित अंशों को व्याख्या कीजिए –**

**(क) दुनिया में बादशाह है सो है वह भी आदमी**

**और मुफ़लिस-ओ-गदा है सो है वो भी आदमी**

इस दुनिया में हर तरह का आदमी है। कुछ आदमी बादशाह जैसे ठाट-बाट से जीते हैं तो कुछ गरीबी में ही जीते हैं। दोनों ही स्थितियों में बहुत अन्तर है।

**(ख) अशराफ़ और कमीने से ले शाह ता वज़ीर**

**ये आदमी ही करते हैं सब कारे दिलपज़ीर**

इस दुनिया में कुछ लोग बहुत ही शरीफ़ होते हैं तो कुछ लोग बहुत ही खराब स्वभाव के। कुछ वजीर, कुछ बादशाह होते हैं। कुछ स्वामी तो कुछ सेवक होते हैं, कुछ लोगों के दिल काले होते हैं।

***-निम्नलिखित में अभिव्यक्त व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए –**

**(क) पढ़ते हैं आदमी ही कुरआन और नमाज़ यां**

**और आदमी ही उनकी चुराते हैं जूतियाँ**

**जो उनको ताड़ता है सो है वो भी आदमी**

इन पंक्तियों में अभिव्यक्त व्यंग्य यह है व्यक्ति-व्यक्ति की रूचि और कार्यों में अंतर होता है। मनुष्य अच्छा बनने पर आए तो वह कुरआन पढ़ने वाला और नमाज़ अदा करने वाला सच्चा धार्मिक भी बन सकता है और यदि वह दुष्टता पर आए तो वह जूतियाँ चुराने वाला भी बन सकता है। कुछ लोग बुराई पर नज़र रखने वाले भी होते हैं। इन सभी कामों को करने वाले आदमी ही तो हैं। मनुष्य के स्वभाव में अच्छाई बुराई दोनों होते हैं परन्तु वह किधर चले यह उस पर ही निर्भर करता है।

**(ख)पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी**

**चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी**

**और सुन के दौड़ता है सो है वो भी आदमी**

इन काव्य पंक्तियों में निहित व्यंग्य यह है कि मनुष्य के विविध रूप हैं। एक व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का अपमान कर बैठता है तो कोई किसी को मदद के लिए पुकारता है। उसकी पुकार सुनते ही कोई दयावान उसकी मद्द के लिए भागा चला आता है। अत: मनुष्य में अच्छाई, बुराई दोनों ही हैं। यह उस पर निर्भर करता है कि वह किधर चल पड़े।

***-निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए –**

(क) टुकड़े चबाना – मज़दूर मेहनत करके भी सूखे टूकड़े चबाता है।

(ख) पगड़ी उतारना – ठाकुर दास ने भरी पंचायत में मोहनदास की पगड़ी उतारने मे कोई कसर न छोड़ी।

(ग) मुरीद होना – उसकी बातें सुनकर मैं तो उसका मुरीद बन गया।

(घ) जान वारना – गणेश अपने भाई पर जान वारता है।

(ङ) तेग मारना – दुष्ट स्वभाव के लोग ही दूसरों को तेग मारते हैं।

---

## पद्य-भाग

## पाठ-12

## (एक फूल की चाह)

***-कवि का परिचय:-** सियारामशरण गुप्त (४ सितम्बर १८९५ - २९ मार्च १९६३) (भाद्र पूर्णिमा सम्वत् १९५२ विक्रमी( हिन्दी के साहित्यकार थे। वह प्रसिद्ध हिन्दी कवि मैथिलीशरण गुप्त के अनुज थे।सियारामशरण गुप्त का जन्म सेठ रामचरण कनकने के परिवार में चिरगाँव, झांसी में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने घर में ही गुजराती, अंग्रेजी और उर्दू भाषा सीखी। सन् 1929 ई . मेः राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और कस्तूरबा गाँधी के सम्पर्क में आये। कुछ समय वर्धा आश्रम में भी रहे। सन् 1940 में चिरगांव में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का स्वागत किया। वे सन्त विनोबा भावे के सम्पर्क में भी आये। उनकी पत्नी तथा पुत्रों का निधन असमय ही हो गया था अतः वे दुख वेदना और करुणा के : कवि बन गये।1914 में उन्होंने अपनी पहली रचना *मौर्य विजय* लिखी। सन् १९१० में इनकी प्रथम कविता 'इन्दु' प्रकाशित हुई।[

Paa# ka wav :-

प्रस्तुत पाठ एक फूल की चाह' छुआछूत की समस्या से संबंधित कविता है। महामारी के दौरान एक अछूत बालिका उसकी चपेट में आ जाती है। वह अपने जीवन की अंतिम साँसे ले रही है। वह अपने माता- पिता से कहती है कि वे उसे देवी के प्रसाद का एक फूल लाकर दें । पिता असमंजस में है कि वह मंदिर में कैसे जाए। मंदिर के पुजारी उसे अछूत समझते हैं और मंदिर में प्रवेश के योग्य नहीं समझते। फिर भी बच्ची का पिता अपनी बच्ची की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए मंदिर में जाता है। वह दीप और पुष्प अर्पित करता है और फूल लेकर लौटने लगता है। बच्ची के पास जाने की जल्दी में वह पुजारी से प्रसाद लेना भूल जाता है। इससे लोग उसे पहचान जाते हैं। वे उस पर आरोप लगाते हैं कि उसने वर्षों से बनाई हुई मंदिर की पवित्रता नष्ट कर दी। वह कहता है कि उनकी देवी की महिमा के सामने उनका कलुष कुछ भी नहीं है। परंतु मंदिर के पुजारी तथा अन्य लोग उसे थप्पड़-मुक्कों से पीट-पीटकर बाहर कर देते हैं। इसी मार-पीट में देवी का फूल भी उसके हाथों से छूट जाता है। भक्तजन

उसे न्यायालय ले जाते हैं। न्यायालय उसे सात दिन की सज़ा सुनाता है। सात दिन के बाद वह बाहर आता है , तब उसे अपनी बेटी की ज़गह उसकी राख मिलती है।

इस प्रकार वह बेचारा अछूत होने के कारण अपनी मरणासन्न बेटी की अंतिम इच्छा पूरी नहीं कर पाता। इस मार्मिक प्रसंग को उठाकर कवि पाठकों को यह कहना चाहता है कि छुआछूत की कुप्रथा मानव-जाति पर कलंक है। यह मानवता के प्रति अपराध है।

## *-शब्दार्थ:-

| | |
|---|---|
| -उद्वेलित भाव-विह्वल | -अश्रु राशियाँ-आंसुओं की धरा |
| -महामारी-बड़े स्टार पर फैलनेवाली बिमारी | -प्रचंड-तीव्र |
| -क्षीण-कमजोर | -मृतवात्सा-जिस मान की संतान मर गई हो |
| -रुदन-रोना | -नितांत-अलग |
| -कृश-क्न्जोर | -रव-शोर |
| -तनु-शारीर | -शिथिल-ढीला,कमजोर |
| -अवयव-अंग | -विह्वल-दुखी,बेचैन |
| -सुवर्णघन-सुनहरा बादल | -सरसिज-कमल |
| -स्वीकार जाल-सूर्य की किरणे | -अमोदित-आनंदित |
| -अविश्रांत-बिना रुके हुए | -ढीकला-धकेलना |
| -सिंह पौर-मंदिर का मुख्य द्वार | -शुचिता-पवित्रता |

## *-भावार्थ:

**1-उद्वेलित कर अश्रु राशियाँ,**
**हृदय चिताएँ धधकाकर,**
**महा महामारी प्रचंड हो**
**फैल रही थी इधर उधर।**

**क्षीण कंठ मृतवत्साओं का**
**करुण रुदन दुर्दांत नितांत,**
**भरे हुए था निज कृश रव में**
**हाहाकार अपार अशांत।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** कवि ने एक फूल की चाह कविता में उस वक्त फैली हुई महामारी के बारे में बताया है। इस महामारी की चपेट में ना जाने कितने मासूम बच्चे आ चुके थे। जिन माताओं ने अपने बच्चों को इस महामारी के कारण खोया था, उनके आँसू रुक ही नहीं रहे थे। रोते आवाज़ उनकी रोते-थी चुकी पड़ कमजोर, पर उस कमजोर पड़ चुके करुणा से भरे स्वर में भी अपार अशांति सुनाई दे रही थी।

बहुत रोकता था सुखिया को,
**2-'न जा खेलने को बाहर',**
**नहीं खेलना रुकता उसका**
**नहीं ठहरती वह पल भर।**
**मेरा हृदय काँप उठता था,**
**बाहर गई निहार उसे;**
**यही मनाता था कि बचा लूँ**
**किसी भाँति इस बार उसे।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** प्रस्तुत पंक्ति में एक पिता द्वारा अपने पुत्री को इस महामारी से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों का वर्णन है। पिता अपनी पुत्री को महामारी से बचाने के लिए, हर बार बाहर खेलने जाने से रोकता था। पर पिता के हर बार मना करने पर भी, पुत्री सुखिया बाहर खेलने चली जाती थी। जब भी पिता सुखिया को बाहर खेलते हुए देखता था, तो डर से उसका हृदय कांप उठता था। वह सोचता था कि किसी भी तरह वह इस बार अपनी पुत्री को इस महामारी से बचा ले।

**3- भीतर जो डर रहा छिपाए,**
**हाय! वही बाहर आया।**
**एक दिवस सुखिया के तनु को**
**ताप तप्त मैंने पाया।**
**ज्वर में विह्वल हो बोली वह,**
**क्या जानूँ किस डर से डर,**
**मुझको देवी के प्रसाद का**
**एक फूल ही दो लाकर।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** इन पंक्तियों मर कवि बता रहे हैं कि आखिरकार पिता को जिस बात का डर था वही हुआ। सुखिया एक दिन बुखार से बुरी तरह तड़प रही थी। उसका शरीर आग की तरह जल रहा था। इस बुखार से विचलित होकर सुखिया बोल रही है कि वह किस बात से डरे और किस बात से नहीं, उसे कुछ समझ नहीं आ रहा। बुखार से तड़पते हुए स्वर में वह अपने पिता से देवी माँ के प्रसाद का एक फूल उसे लाकर देने के लिए बोलती है।

4-**क्रमश: कंठ क्षीण हो आया,**
**शिथिल हुए अवयव सारे,**
**बैठा था नव नव उपाय की**
**चिंता में मैं मनमारे।**
**जान सका न प्रभात सजग से**
**हुई अलस कब दोपहरी,**
**स्वर्ण घनों में कब रवि डूबा,**
**कब आई संध्या गहरी।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** तेज बुखार के कारण सुखिया का गला सूख गया था। उसमें कुछ बोलने की शक्ति नहीं बची थी। उसके सारे अंग ढीले पड़ चुके थे। वहीँ दूसरी ओर सुखिया के पिता ने तरह-तरह के उपाय करके देख लिए थे, लेकिन कोई भी काम नहीं आया था। इसी वजह से वह गहरी चिंता में मन मार के बैठा था। वह बेचैनी में हर पल यही सोच रहा था कि कहीं से भी ढूंढ के अपनी बेटी का इलाज ले आए। इसी चिंता में कब सुबह से दोपहर हुई, कब दोपहर ख़त्म हुई और निराशाजनक शाम आयी उसे पता ही नहीं चला।

**5-सभी ओर दिखलाई दी बस,**
**अंधकार की ही छाया,**
**छोटी सी बच्ची को ग्रसने**
**कितना बड़ा तिमिर आया!**
**ऊपर विस्तृत महाकाश में**
**जलते-से अंगारों से,**
**झुलसी-सी जाती थी आँखें**
**जगमग जगते तारों से।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** इन पंक्तियों में कवि बता रहे हैं कि ऐसे निराशाजनक माहौल में अंधकार भी मानो डसने चला आ रहा है। पिता को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इतनी छोटी-सी बच्ची के लिए पूरा अंधकार ही दैत्य बनकर चला आया है। पिता इस बात से हताश हो चुका है कि वह अपनी बेटी को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर पाया। इसी निराशा में संध्या के समय आकाश में जगमगाते तारे भी पिता को अंगारों की तरह लग रहे हैं। जिससे उनकी आंखे झुलस-सी गई हैं।

**6-देख रहा था-जो सुस्थिर हो**
**नहीं बैठती थी क्षण-भर,**
**हाय! वही चुपचाप पड़ी थी**

**अटल शांति सी धारण कर।**
**सुनना वही चाहता था मैं**
**उसे स्वयं ही उकसाकर-**
**मुझको देवी के प्रसाद का**
**एक फूल ही दो लाकर!**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** पिता को यह देखकर बहुत कष्ट हो रहा है कि उसकी बेटी जो एक पल के लिए भी कभी शांति से नहीं बैठती थी और हमेशा उछलकूद मचाती रहती थी, आज चुपचाप बिना किसी हरकत के लेटी हुई है। वो यहाँ से वहां शोर मचाकार मानो पूरे घर में जान फूंक देती थी, लेकिन अब उसके चुपचाप हो जाने से पूरे घर की ऊर्जा समाप्त हो गई है। पिता उसे बार-बार उकसा कर यही सुनना चाह रहा है कि उसे देवी माँ के प्रसाद का एक फूल चाहिए।

**7-ऊँचे शैल शिखर के ऊपर**
**मंदिर था विस्तीर्ण विशाल;**
**स्वर्ण कलश सरसिज विहसित थे**
**पाकर समुदित रवि कर जाल।**
**दीप धूप से आमोदित था**
**मंदिर का आँगन सारा;**
**गूँज रही थी भीतर बाहर**
**मुखरित उत्सव की धारा।**

पहाड़ की चोटी के ऊपर एक विशाल मंदिर था। उसके प्रांगन में सूर्य की किरणों को पाकर कमल के फूल स्वर्ण कलशों की तरह शोभायमान हो रहे थे। मंदिर का पूरा आँगन धूप और दीप से महक रहा था। मंदिर के अंदर और बाहर किसी उत्सव का सा माहौल था।

**8-भक्त वृंद मृदु मधुर कंठ से**
**गाते थे सभक्ति मुद मय,**
**'पतित तारिणी पाप हारिणी,**
**माता तेरी जय जय जय।'**
**'पतित तारिणी, तेरी जय जय'**
**मेरे मुख से भी निकला,**
**बिना बढ़े ही मैं आगे को**
**जाने किस बल से ढ़िकला।**

भक्तों के झुंड मधुर वाणी में एक सुर में देवी माँ की स्तुति कर रहे थे। सुखिया के पिता के मुँह से भी देवी माँ की स्तुति निकल गई। फिर उसे ऐसा लगा कि किसी अज्ञात शक्ति ने उसे मंदिर के अंदर धकेल दिया।

**9-मेरे दीप फूल लेकर वे**
**अंबा को अर्पित करके**

**दिया पुजारी ने प्रसाद जब**
**आगे को अंजलि भरके,**
**भूल गया उसका लेना झट,**
**परम लाभ सा पाकर मैं।**
**सोचा, बेटी को माँ के ये,**
**पुण्य पुष्प दूँ जाकर मैं।**

पुजारी ने उसके हाथों से दीप और फूल लिए और देवी की प्रतिमा को अर्पित कर दिया। फिर जब पुजारी ने उसे प्रसाद दिया तो एक पल को वह ठिठक सा गया। वह अपनी कल्पना में अपनी बेटी को देवी माँ का प्रसाद दे रहा था।

**10-सिंह पौर तक भी आँगन से**
**नहीं पहुँचने मैं पाया,**
**सहसा यह सुन पड़ा कि – "कैसे**
**यह अछूत भीतर आया?**
**पकड़ो देखो भाग न जावे,**
**बना धूर्त यह है कैसा;**
**साफ स्वच्छ परिधान किए है,**
**भले मानुषों के जैसा।**

अभी सुखिया का पिता मंदिर के द्वार तक भी नहीं पहूँच पाया था कि किसी ने पीछे से आवाज लगाई, "अरे यह अछूत मंदिर के भीतर कैसे आ गया? इस धूर्त को तो देखो, कैसे सवर्णों जैसे पोशाक पहने है। पकड़ो, कहीं भाग न जाए।"

**11-पापी ने मंदिर में घुसकर**
**किया अनर्थ बड़ा भारी;**
**कलुषित कर दी है मंदिर की**
**चिरकालिक शुचिता सारी।"**
**ऐं, क्या मेरा कलुष बड़ा है**
**देवी की गरिमा से भी;**
**किसी बात में हूँ मैं आगे**
**माता की महिमा के भी?**
**एक फूल की चाह भावार्थ :** फिर भीड़ से आवाज़ आयी कि इस पापी ने मंदिर में घुस कर बड़ा अनर्थ किया है। मंदिर की सालों-साल की गरिमा, पवित्रता को इसने नष्ट कर दिया। सब मिलकर चिल्लाने लग जाते हैं कि इस पापी ने मंदिर में घुस कर मंदिर को दूषित कर दिया। तब सुखिया का पिता यह सोचने पर विवश हो जाता है कि क्या मेरा अछूतपन देवी माँ की महिमा से भी बड़ा है? क्या मेरे इस अछूतपन

में देवी माँ से भी ज्यादा शक्ति है, जिसने देवी माँ के रहते हुए भी इस पूरे मंदिर को अशुद्ध कर दिया?

**12-माँ के भक्त हुए तुम कैसे,**
**करके यह विचार खोटा?**
**माँ के सम्मुख ही माँ का तुम**
**गौरव करते हो छोटा!**
**कुछ न सुना भक्तों ने, झट से**
**मुझे घेरकर पकड़ लिया;**
**मार मारकर मुक्के घूँसे**
**धम्म से नीचे गिरा दिया!**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** सुखिया के पिता ने भीड़ से कहा कि तुम माँ के कैसे भक्त हो, जो खुद माँ के गौरव को मेरी तुलना में छोटा कर दे रहे हो। अरे माँ के सामने तो छूत-अछूत सभी एक-समान हैं। परन्तु, सुखिया के पिता की इन बातों को किसी ने नहीं सुना और भीड़ ने उसे पकड़ कर खूब मारा, फिर मारते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया।

**13-मेरे हाथों से प्रसाद भी**
**बिखर गया हा! सबका सब,**
**हाय! अभागी बेटी तुझ तक**
**कैसे पहुँच सके यह अब।**
**न्यायालय ले गए मुझे वे,**
**सात दिवस का दंड-विधान**
**मुझको हुआ; हुआ था मुझसे**
**देवी का महान अपमान!**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** भीड़ के इस तरह सुखिया के पिता को पकड़ के मारने के कारण, उसके हाथों से प्रसाद भी गिर गया। जिसमें देवी माँ के चरणों में चढ़ा हुआ फूल भी था। सुखिया के पिता मार खाते हुए, दर्द सहते हुए भी सिर्फ यही सोच रहे थे कि अब ये देवी माँ के प्रसाद का फूल उसकी बेटी सुखिया तक कैसे पहुँचेगा। भीड़ उसे पकड़ कर न्यायलय ले गयी। जहाँ पर उसे देवी माँ के अपमान जैसे भीषण अपराध के लिए सात दिन कारावास का दंड दिया गया।

**14-मैंने स्वीकृत किया दंड वह**
**शीश झुकाकर चुप ही रह;**
**उस असीम अभियोग, दोष का**
**क्या उत्तर देता, क्या कह?**
**सात रोज ही रहा जेल में**
**या कि वहाँ सदियाँ बीतीं,**
**अविश्रांत बरसा करके भी**
**आँखें तनिक नहीं रीतीं।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** सुखिया के पिता ने चुपचाप दंड को स्वीकार कर लिया। उसके पास कहने के लिए कुछ था ही नहीं। उसे पूरे सात दिन जेल में बिताने पड़े, जो उसे सात सदियों के बराबर प्रतीत हो रहे थे। पुत्री के वियोग में सदैव बहते आंसू भी रुक नहीं पा रहे थे। वह हर पल अपनी प्यारी पुत्री को याद करके रोता रहता था।

**15-दंड भोगकर जब मैं छूटा,**
**पैर न उठते थे घर को;**
**पीछे ठेल रहा था कोई**
**भय-जर्जर तनु पंजर को।**
**पहले की-सी लेने मुझको**
**नहीं दौड़कर आई वह;**
**उलझी हुई खेल में ही हा!**
**अबकी दी न दिखाई वह।**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** जेल से छूट कर वह भय के कारण घर नहीं जा पा रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसके शरीर के अस्थि-पंजर को मानो कोई उसके घर की ओर धकेल रहा हो। जब वह घर पहुंचा, तो पहले की तरह उसकी बेटी दौड़ कर उसे लेने नहीं आयी और ना ही वह खेलती हुई बाहर कहीं दिखाई दी।

**16-उसे देखने मरघट को ही**
**गया दौड़ता हुआ वहाँ,**
**मेरे परिचित बंधु प्रथम ही**
**फूँक चुके थे उसे जहाँ।**
**बुझी पड़ी थी चिता वहाँ पर**
**छाती धधक उठी मेरी,**
**हाय! फूल-सी कोमल बच्ची**
**हुई राख की थी ढ़ेरी!**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** जब वह घर पर अपनी बेटी को नहीं देख पाता है, तो वह अपनी बेटी को देखने के लिए श्मशान की ओर दौड़ता है। परन्तु जब वह श्मशान पहुँचता है, तो उसके परिचित बंधु आदि संबंधी पहले ही उसकी पुत्री का अंतिम संस्कार कर चुके होते हैं। अब तो उसकी चिता भी बुझ चुकी थी। यह देख कर सुखिया के पिता की छाती धधक उठती है। उसकी फूलों की तरह कोमल-सी बच्ची आज राख का ढेर बन चुकी थी।

**17-अंतिम बार गोद में बेटी,**
**तुझको ले न सका मैं हा!**
**एक फूल माँ का प्रसाद भी**
**तुझको दे न सका मैं हा!**

**एक फूल की चाह भावार्थ :** अंत में सुखिया के पिता के मन में बस यही मलाल शेष बचता है कि वह

अपनी पुत्री को अंतिम बार गोद में भी नहीं ले पाया। वह इतना अभागा है कि अपनी बेटी की अंतिम इच्छा के रूप में, माँ के प्रसाद का एक फूल भी उसे लाकर नहीं दे पाया।

***-निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करते हुए उनका अर्थ सौंदर्य बताइए:**

1-अविश्रांत बरसा करके भी आँखें तनिक नहीं रीतीं|

**उत्तर:** उसकी आँखें निरंतर बरसने के बावजूद अभी भी सूखी थीं। यह पंक्ति शोक की चरम सीमा को दर्शाती है। कहा जाता है कि कोई कभी कभी इतना रो लेता है कि उसकी अश्रुधारा तक सूख जाती है।

2-बुझी पड़ी थी चिता वहाँ पर छाती धधक उठी मेरी

**उत्तर:** उधर चिता बुझ चुकी थी, इधर सुखिया के पिता की छाती जल रही थी।

3-हाय! वही चुपचाप पड़ी थी अटल शांति सी धारण कर

**उत्तर:** जो बच्ची कभी भी एक जगह स्थिर नहीं बैठती थी, आज वही चुपचाप पत्थर की भाँति पड़ी हुई थी।

4-पापी ने मंदिर में घुसकर किया अनर्थ बड़ा भारी

**उत्तर:** सुखिया के पिता को मंदिर में देखकर एक सवर्ण कहता है कि इस पापी ने मंदिर में प्रवेश करके बहुत बड़ा अनर्थ कर दिया, मंदिर को अपवित्र कर दिया।

## *-प्रश्न –उत्तर :-

1-पापी ने मंदिर में घुसकर किया अनर्थ बड़ा भारी। कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

1-इसमें ढोंगी भक्तों ने सुखिया के पिता पर मंदिर की पवित्रता नष्ट करने का भीषण आरोप लगाया है। सियारामशरण गुप्त वे कहते हैं-सुखिया का पिता पापी है। यह अछूत है। इसने मंदिर में घुसकर भीषण पाप किया है। इसके अंदर आने से मंदिर की पवित्रता नष्ट हो गई है।

2-एक फूल की चाह कविता से क्या प्रेरणा मिलती है?

2-इस कविता से यह प्रेरणा मिलती है कि सभी प्राणियों को एक समान मानना चाहिए। जन्म का आधार मानकर किसी को अछूत कहना निंदनीय अपराध है।

3-बुझी पड़ी थी चिता वहाँ पर छाती धधक उठी मेरी। कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

3-जब सुखिया का पिता जेल से छूटा तो वह श्मशान में गया। उसने देखा कि वहाँ उसकी बेटी की जगह राख की ढेरी पड़ी थी। उसकी बेटी की चिता ठंडी हो चुकी थी। पर एक पिता के सीने के आग धधक रही थी।

4-एक फूल की चाह कविता में न्यायालय द्वारा सुखिया के पिता को क्यों दंडित किया गया?

4-न्यायालय द्वारा सुखिया के पिता को इसलिए दंडित किया गया, क्योंकि वह अछूत होकर भी देवी के मंदिर में प्रवेश कर गया था। मंदिर को अपवित्र तथा देवी का अपमान करने के कारण सुखिया के पिता को न्यायालय ने सात दिन के कारावास का दंड देकर दंडित किया।

5-सुखिया के पिता किस सामाजिक बुराई के शिकार हुए? एक फूल की चाह कविता के आधार पर बताइए।

5- सुखिया का पिता उस वर्ग से संबंधित था, जिसे समाज के कुछ लोग अछूत कहते हैं, इस कारण वह छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई का शिकार हो गया था। अछूत होने के कारण उसे मंदिर को अपवित्र करने और देवी का अपमान करने का आरोप लगाकर पीटा गया तथा उसे सात दिन की जेल मिली।

6-एक फूल की चाह कविता में माता के भक्तों ने सुखिया के पिता के साथ कैसा व्यवहार किया?

6-माता के भक्त जो माता के गुणगान में लीन थे, उनमें से एक की दृष्टि माता के प्रसाद का फूल लेकर जाते हुए सुखिया के पिता पर पड़ी। उसने आवाज़ दी कि "यह अछूत कैसे अंदर आ गया। इसको पकड़ लो।" फिर क्या था, माता के अन्य भक्तगण पूजा-वंदना छोड़कर उसके पास आए और कोई बात सुने बिना ज़मीन पर गिराकर मारने लगे।

7-पिता को सुखिया की अंतिम इच्छा पूरी करने में क्या-क्या कठिनाइयाँ आईं? एक फूल की चाह कविता के आधार पर लिखिए।

7-पिता को सुखिया की अंतिम इच्छा पूरी करने में निम्नलिखित कठिनाइयाँ आईं :-

1. सुखिया के पिता को मंदिर के प्रसाद का एक फूल लाना था, अतः वह निराशा में डूब गया, क्योंकि वह सामाजिक स्थिति को जानता था।
2. मंदिर में जैसे ही उसने पुजारी से प्रसाद लिया तभी कुछ लोगों ने उसे पहचान लिया और उन्होंने उसे खूब मारा-पीटा। मंदिर में पुजारी से मिला प्रसाद नीचे बिखर गया।
3. न्यायालय से दण्ड दिया गया।
4. वह पुत्री को प्रसाद का फूल न दे सका और उसके घर पहुँचने से पहले ही वह स्वर्ग सिधार गई।

9-'एक फूल की चाह' कविता में देवी के उच्च जाति के भक्तगण जोर-ज़ोर से गला फाड़कर चिल्ला रहे थे, "पतित-तारिणी पाप-

9-हारिणी माता तेरी जय!जय-जय-" वे माता को भक्तों का उद्धार करने वाली, पापों को नष्ट करने वाली, पापियों का नाश करने वाली मानकर जयजयकार कर रहे थे। उसी बीच एक अछूत भक्त के - मंदिर में आ जाने से वे उस पर मंदिर की पवित्रता और देवी की गरिमा नष्ट होने का आरोप लगा रहे थे। जब देवी पापियों का नाश करने वाली हैं तो एक पापी या अछूत उनकी गरिमा कैसे कम कर रहा था। भक्तों की ऐसी सोच से उनकी दोहरी मानसिकता उजागर होती है

---

*-Vyakr`- svRam:-

**संज्ञा** के **स्थान** पर प्रयोग किये जाने वाले शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं।

**जैसे:–** मैं, हम, तू, तुम, वह, यह, आप, कौन, कोई, जो आदि।

सर्वनाम के छः भेद होते हैं:–

1. **पुरुषवाचक सर्वनाम**
2. **निश्चयवाचक सर्वनाम**
3. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम**
4. **संबंधवाचक सर्वनाम**
5. **प्रश्नवाचक सर्वनाम**
6. **निजवाचक सर्वनाम**

1-**<u>पुरुषवाचक सर्वनाम</u>:**-जिन सर्वनाम शब्दों से व्यक्ति का बोध होता है, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते है।

पुरुषवाचक सर्वनाम' पुरुषों (स्त्री या पुरुष) के नाम के बदले आते हैं।
जैसे- मैं आता हूँ। तुम जाते हो। वह भागता है।
उपर्युक्त वाक्यों में 'मैं, तुम, वह' पुरुषवाचक सर्वनाम हैं।

2-पुरुषवाचक सर्वनाम के प्रकार

पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते है-
**(i)उत्तम पुरुषवाचक (ii)मध्यम पुरुषवाचक (iii)अन्य पुरुषवाचक**

**(i)उत्तम पुरुषवाचक(First Person):-**जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने वाला अपने लिए करता है, उन्हें उत्तम पुरुषवाचक कहते है।
जैसे- मैं, हमारा, हम, मुझको, हमारी, मैंने, मेरा, मुझे आदि।

**उदाहरण-** मैं स्कूल जाऊँगा।
हम मतदान नहीं करेंगे।
यह कविता मैंने लिखी है।
बारिश में हमारी पुस्तकें भीग गई।
मैंने उसे धोखा नहीं दिया।

**(ii) मध्यम पुरुषवाचक(Second Person) :-**जिन सर्वनामों का प्रयोग सुनने वाले के लिए किया जाता है, उन्हें मध्यम पुरुषवाचक कहते है।
जैसे- तू, तुम, तुम्हे, आप, तुम्हारे, तुमने, आपने आदि।

**उदाहरण-** तुमने गृहकार्य नहीं किया है।
तुम सो जाओ।
तुम्हारे पिता जी क्या काम करते हैं ?
तू घर देर से क्यों पहुँचा ?
तुमसे कुछ काम है।

**(iii)अन्य पुरुषवाचक (Third Person):-**जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति के लिए किया जाता है, उन्हें अन्य पुरुषवाचक कहते है।
जैसे- वे, यह, वह, इनका, इन्हें, उसे, उन्होंने, इनसे, उनसे आदि।

**उदाहरण-** वे मैच नही खेलेंगे।
उन्होंने कमर कस ली है।
वह कल विद्यालय नहीं आया था
उसे कुछ मत कहना।
उन्हें रोको मत, जाने दो।
इनसे कहिए, अपने घर जाएँ।

**(2) निश्चयवाचक सर्वनाम:-**

सर्वनाम के जिस रूप से हमे किसी बात या वस्तु का निश्चत रूप से बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते है।
**दूसरे शब्दों में-** जिस सर्वनाम से वक्ता के पास या दूर की किसी वस्तु के निश्र्चय का बोध होता है, उसे 'निश्र्चयवाचक सर्वनाम' कहते हैं।

**सरल शब्दों में-** जो सर्वनाम निश्चयपूर्वक किसी वस्तु या व्यक्ति का बोध कराएँ, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे- यह, वह, ये, वे आदि।

वाक्यों में इनका प्रयोग देखिए-
तनुज का छोटा भाई आया है। यह बहुत समझदार है।
किशोर बाजार गया था, वह लौट आया है।
उपर्युक्त वाक्यों में 'यह' और 'वह' किसी व्यक्ति का निश्चयपूर्वक बोध कराते हैं, अतः ये निश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

**(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम:-**

जिस सर्वनाम शब्द से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते है।
**दूसरे शब्दों में-** जो सर्वनाम किसी वस्तु या व्यक्ति की ओर ऐसे संकेत करें कि उनकी स्थिति अनिश्चित या अस्पष्ट रहे, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते है।
जैसे- कोई, कुछ, किसी आदि।

वाक्यों में इनका प्रयोग देखिए-
मोहन! आज कोई तुमसे मिलने आया था।
पानी में कुछ गिर गया है।
यहाँ 'कोई' और 'कुछ' व्यक्ति और वस्तु का अनिश्चित बोध कराने वाले अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

**4)संबंधवाचक सर्वनाम :-**जिन सर्वनाम शब्दों का दूसरे सर्वनाम शब्दों से संबंध ज्ञात हो तथा जो शब्द दो वाक्यों को जोड़ते है, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते है।
**दूसरे शब्दों में-** जो सर्वनाम वाक्य में प्रयुक्त किसी अन्य सर्वनाम से सम्बंधित हों, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते है।
जैसे- जो, जिसकी, सो, जिसने, जैसा, वैसा आदि।

वाक्यों में इनका प्रयोग देखिए-
जैसा करोगे, वैसा भरोगे।
जिसकी लाठी, उसकी भैंस।
उपर्युक्त वाक्यों में 'वैसा' का सम्बंध 'जैसा' के साथ तथा 'उसकी' का सम्बन्ध 'जिसकी' के साथ सदैव रहता है। अतः ये संबंधवाचक सर्वनाम है।

**5)प्रश्नवाचक सर्वनाम :-**जो सर्वनाम शब्द सवाल पूछने के लिए प्रयुक्त होते है, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है।
**सरल शब्दों में-** प्रश्न करने के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग होता है, उन्हें 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' कहते है।
जैसे- कौन, क्या, किसने आदि।

वाक्यों में इनका प्रयोग देखिए-
टोकरी में क्या रखा है।
बाहर कौन खड़ा है।
तुम क्या खा रहे हो?
उपर्युक्त वाक्यों में 'क्या' और 'कौन' का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए हुआ है। अतः ये प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

**6) निजवाचक सर्वनाम :-**'निज' का अर्थ होता है- अपना और 'वाचक' का अर्थ होता है- बोध (ज्ञान) कराने वाला अर्थात 'निजवाचक' का अर्थ हुआ- अपनेपन का बोध कराना।
इस प्रकार,

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर्ता के साथ अपनेपन का ज्ञान कराने के लिए किया जाए, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते है।
जैसे- अपने आप, निजी, खुद आदि।

'आप' शब्द का प्रयोग पुरुषवाचक तथा निजवाचक सर्वनाम-दोनों में होता है।

**उदाहरण-**

आप कल दफ्तर नहीं गए थे। (मध्यम पुरुष- आदरसूचक)
आप मेरे पिता श्री बसंत सिंह हैं। (अन्य पुरुष-आदरसूचक-परिचय देते समय)
ईश्वर भी उन्हीं का साथ देता है, जो अपनी मदद आप करता है। (निजवाचक सर्वनाम)

'निजवाचक सर्वनाम' का रूप 'आप' है। लेकिन पुरुषवाचक के अन्यपुरुषवाले 'आप' से इसका प्रयोग बिलकुल अलग है। यह कर्ता का बोधक है, पर स्वयं कर्ता का काम नहीं करता। पुरुषवाचक 'आप' बहुवचन में आदर के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे- आप मेरे सिर-आखों पर है; आप क्या राय देते है ? किन्तु, निजवाचक 'आप' एक ही तरह दोनों वचनों में आता है और तीनों पुरुषों में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

**निजवाचक सर्वनाम 'आप' का प्रयोग निम्नलिखित अर्थो में होता है-**

(क) निजवाचक 'आप' का प्रयोग किसी संज्ञा या सर्वनाम के अवधारण (निश्र्चय) के लिए होता है। जैसे- मैं 'आप' वहीं से आया हूँ; मैं 'आप' वही कार्य कर रहा हूँ।

(ख) निजवाचक 'आप' का प्रयोग दूसरे व्यक्ति के निराकरण के लिए भी होता है। जैसे- उन्होंने मुझे रहने को कहा और 'आप' चलते बने; वह औरों को नहीं, 'अपने' को सुधार रहा है।

(ग) सर्वसाधारण के अर्थ में भी 'आप' का प्रयोग होता है। जैसे- 'आप' भला तो जग भला; 'अपने' से बड़ों का आदर करना उचित है।

(घ) अवधारण के अर्थ में कभी-कभी 'आप' के साथ 'ही' जोड़ा जाता है। जैसे- मैं 'आप ही' चला आता था; यह काम 'आप ही'; मैं यह काम 'आप ही' कर लूँगा।

---